सार-समाचार

मुकेश नागर ने कार्यभार संभाला

रावतभाटा, (निसं)। नगर पालिका रावतभाटा के अधिषाशी अधिकारी के पद पर मुकेश नागर ने शुक्रवार को प्रातः शुभ मुर्हूत में विधि-विधान के साथ अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वर्तमान में तहसीलदार विवके गरासिया कार्यवाहक अधिषाशी अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे। रावतभाटा नगर पालिका अधिषाशी अधिकारी मुकेष नागर नैनवां नगर पालिका से स्थान्तरित होकर आये है, इससे पूर्व रावतभाटा नगर पालिका अधिषाशी अधिकारी मुकेष नागर लाखेरी व कैथून में भी अधिषाशी अधिकारी के पद पर कार्य कर चुके है। नागर 2012 बैच के अधिषाशी अधिकारी है।रावतभाटा नगर पालिका अधिषाशी अधिकारी मुकेष नागर ने पदभार ग्रहण के बाद अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। नगर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्य, स्वच्छता अभियान के तहत कचरा निस्तारण, सरकारी योजनाओं की प्रोग्रेस व प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। उन्होने कहा कि नगर में लाईट व सफाई व्यवस्था सुधारना, स्वच्छ भारत अभियान के तहत कचरा निस्तारण एवं रावतभाटा में काफी समय से चली आ रही पट्टे की समस्या का निराकरण करते हुए नगरवासियों के पट्टे बनाना, विकास कार्यों को गति प्रदान करना एवं लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान रावतभाटा नगर पालिका के अधिषाशी अधिकारी मुकेष नागर ने पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय लिया।रावतभाटा नगर पालिका के अधिषाशी अधिकारी मुकेष नागर ईमानदार, मधुरभाशी सरल, व कर्तव्य निश्ठावान एंव सजग व्यक्तित्व के धनी है। वे अपनी सुझबूझ एंव चुस्त प्रषासनिक कार्यो के लिए ख्याति प्राप्त है। रावतभाटा अधिषाशी अधिकारी मुकेष नागर गरीबों के प्रति भी एक अच्छी सोच लेकर चलने वाले अधिकारी है। नागर जंहा-जंहा भी रहे वंहा अपनी पहचान बनाई। जनता ने इनकों अच्छे अधिकारी के रूप में होने का मान-सम्मान भी दिया है। इस मौके पर किसान नेता कमलेन्द्र सिंह हाडा, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार वधवा, पंकज श्रीवास्तव, चौथमल षर्मा, दिलीप मीणा, आनन्द नागर, हाकिम सिंह, होनाराम, अमित सिंह, भारत दुबे, समाजसेवी अभिशेक जैन सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजुद थे।

भाजपा ने संभागीय आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

कोटा, (निसं)। पश्चिम बंगाल में सरकार को भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर भाजपा कोटा शहर व देहात ने संयुक्त रूप से जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी व योगेन्द्र नंदवाना के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम संभागीय आयुक्त कोटा को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी व योगेन्द्र नंदवाना ने बताया की पश्चिम बंगाल में संदेशखाली में जिस तरह महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है, यह बेहद शर्मनाक घटना है। पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में महिलाओं के साथ हुए बलात्कार अत्याचार जैसी जघन्य घटनाओं को रोकने में पश्चिम बंगाल सरकार पूर्णरूप से विफल रही है। पश्चिम बंगाल सरकार इन घटनाओं पर आंख मूंद कर बैठी है। अपराधियों को बचाने का कार्य हो रहा है। आज भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर व देहात द्वारा संयुक्त रूप से कोटा संभागीय आयुक्त कोटा कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संभागीय आयुक्त कोटा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में कोटा शहर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, कोटा देहात जिलाध्यक्ष योगेन्द्र नंदवाना, जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष नेता खण्डेलवाल, देवेन्द्र राही, अतिश सक्सेना, जिलामंत्री हरिहर गौतम, राजेन्द्र अग्रवाल, आशा चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदानी, व्यापार प्रकोष्ट जिला संयोजक राकेश जैन, वरिष्ठ नेता विशाल शर्मा, विधि प्रकोष्ट जिला सहसंयोजक गोपाल चौबे, लोकसभा सोशल मीडिया संयोजक संदीप कपूर, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अवधेश अजमेरा, कोटा देहात युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष युधिष्टर खटाना, ओबीसी मोर्चा महामंत्री अमित उराड़िया, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाल टटवाडिया, उपाध्यक्ष चांदमल ठेकेदार, राजकुमार यादव, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष राम मीणा, दादाबाड़ी मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह हाड़ा, नयापुरा मण्डल अध्यक्ष अनिल शर्मा, रेलवे कोलोनी मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह निर्भय, शैलेन्द्र श्रृषी, नीती शर्मा, रजनीबाला गौतम, ललित शर्मा, सुरेश, राजू जोशी सहित कोटा शहर व देहात के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

साधारण सभा की बैठक आयोजित

अंता, (निसं)। पंचायत समिति अंता की साधारण सभा की बैठक का आयोजन पंचायत समिति सभागार भवन में संपन्न हुई। विकास अधिकारी राधेश्याम भील ने बताया कि साधारण सभा की अध्यक्षता प्रधान प्रखर कौशल ने की । साधारण सभा में पंचायत समिति सदस्य संठाम सिंह ,मुकुट बिहारी सुमन द्वारा पानी एवं टंकी की समस्या के समाधान की बात उठाई गई। संठाम सिंह द्वारा सड़क के दोनों तरफ झाड़ियो की कटाई की आवश्यकता बताई गई । बैठक में सड़क, बिजली पेयजल स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं मनरेगा विद्यालय पोषाहार सिंचाई संबंधी समस्याओं के मुद्दे उठाएं गए जिन पर उपस्थित ब्लॉक लेवल अधिकारियों ने समस्याओं का शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। विकास अधिकारी राधेश्याम भील ने स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना पर प्रकाश डालते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से घर-घर कचरा संठाहण की व्यवस्था का गांव में निरंतर सफाई व्यवस्था की कार्य योजना बनाने में सहयोग करने व अपूर्ण प्रधानमंत्री आवासों को पूर्ण करवाने हेतु सहयोग करने की अपील की, साथ पंचायत समिति सदस्यों द्वारा अतिक्रमण संबंधी मुद्दे भी उठाए गए।बैठक में सरपंच राजसिंह ठीकरिया, मोहम्मद शरीफ खान, मधुसूदन सिंह, रेनू कुमारी एवं ललिता, ब्लॉक लेवल अधिकारी गनराज मीना मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र मीणा बिजली विभाग बीसीएमओ एसपी गर्ग सिंचाई विभाग चंद्रभान मौर्य सुरेंद्र मीणा सार्वजनिक निर्माण विभाग बसंत गुप्ता आदि ब्लॉक लेवल अधिकारी उपस्थित रहे।

फाग उत्सव धूमधाम से मनाया

कोटा, (निसं)। विमेन सेल्फ मोटिवेशन क्लब प्रेरणा के सदस्यों ने फाग उत्सव एवं महिला दिवस धूमधाम से मनाया। क्लब फाउंडर उमा पाठक ने कार्यक्रम का शुभारंभ लीलाधर श्री राधा-कृष्ण का पूजन गुलाल लगाकर तथा राधा के रूप सज-धज कर आईं सदस्यों का गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजक रजनी मोदी द्वारा बहुत ही सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया। कृष्ण बनी लीना गौतम एवं राधा बनी सचिव ज्योति सुवालका ने सभी सदस्यों के साथ फाग के गानों एवं भजनों, जैसे आज बिरज में होली रे रसिया, रंग मत डाले रे सांवरिया पर नृत्य किया एक दूसरे को गुलाल लगाया। क्लब अध्यक्ष विनीत शर्मा ने सभी सदस्यों का उत्साह वर्धन किया। क्लब सदस्य संजना अग्रवाल, शशि सिंह द्वारा सभी सदस्यों को गेम खिलाए गए। सभी सदस्यों ने रैंप वॉक किया। विजेता प्रतिभागियों को क्लब सह संचालक रमा नैयर एवं अध्यक्ष विनीता शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे उन्होंने धूमधाम, मस्ती के साथ फाग उत्सव मनाया और अंत में भोज का आनंद उठाया।

कच्चा मकान गिरने से महिला की मौत

मांगरोल, (निसं)। मांगरोल थाना क्षेत्र के रकस पुरिया गांव में शुक्रवार तड़के हुआ हादसा तड़के करीब 3 बजे एक कच्चा मकान गिरने से मकान में सो रहा परिवार दब गया बाद में आसपास के लोगों ने निकाला और मांगरोल अस्पताल पहुंचाया जहां पर कुछ देर बाद ही एक महिला की मृत्यु हो गई हादसे में महिला के पति और बच्चों के भी चोटे आई है गाँव वालो ने बताया कि मोहनलाल मीणा अपने परिवार पत्नि तीन बच्चों के साथ सो रहा था कि कच्चे मकान की दीवार ढहने से परिवार सहित अपने पांच मवेशियों के साथ कच्चे घर के मलवे मे दब गए ग्रामीणों द्वारा इन्हें ईलाज के लिए मांगरोल अस्पताल ले जा गया।जहाँ बच्चों के हल्की फुल्की चोट आने के साथ मोहनलाल मीणा के पेट में चोट लगने से ईलाज कर घर भेजा वही उसकी पत्नि गुड्डी बाई उम्र 35वर्ष की दम घुटने एवं ब्रेन इन्जरी के चलते मौत हो गई। चिकित्सा अधिकारी शोभागमल मीणा व डा.पवन सैन सुखबीर ने मृतक महिला के शव का पीएम करके परिवार को संभलाया।

प्रधानमंत्री जीवन बीमा के लिए किया जागरूक

कोटा, (निसं)। भारत सरकार द्वारा के मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटर के एजुकेशन हेड असगर खान ने कश्यप सीएससी सेंटर पर लोगो की बैठक लेकर प्रधानमंत्री जीवन बीमा के लिए जागरूक किया। जिला प्रबंधक विकास तुरावा व लोकेश भट्ट ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना व नेशनल पेंशन स्कीम के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सीएससी संचालक लोकेश कश्यप, नवीन राठौर रवि कश्यप, मनोज कश्यप, ने मिलकर 50 से अधिक पात्र नागरिकों का बीमा किया गया।

शक्ति सदन आवासीय गृह व सखी वन स्टॉप सेन्टर का किया निरीक्षण

बून्दी, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता द्वारा पीड़ित महिलाओं को शक्ति सदन महिला आवासीय गृह पर उपलब्ध चिकित्सकीय, विधिक सहायता, परामर्श, आश्रय एवं काउन्सलर सुविधा आदि बिन्दुओं पर शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर आवासीय गृह की प्रभारी जनक श्रृंगी उपस्थित रही।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता ने बताया कि शक्ति सदन महिला आवासीय गृह पीड़ित महिलाओं को आवासीय सुविधा प्रदान करने का कार्य करता है। शक्ति सदन महिला आवासीय गृह पर अपराध से पीड़ित, एच.आई.वी. संक्रमित, विमंदित, पलायन कर्ता व जेल से रिहा हुई महिलाओं को आवास सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को भरण-पोषण अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण, महिलाओं के विरूद्ध अपराध के अन्तर्गत विधिक प्रावधान व विभागों द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता द्वारा शुक्रवार को पीड़ित महिलाओं को ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर पर उपलब्ध चिकित्सकीय, विधिक सहायता, परामर्श, आश्रय एवं काउन्सलर सुविधा आदि बिन्दुओं पर निरीक्षण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता ने शक्ति सदन महिला आवासीय गृह व सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर वन स्टॉप सेन्टर की केन्द्र प्रबन्धक रानू खण्डेलवाल मौजूद रही। सचिव सुमन गुप्ता ने बताया कि ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत रूप से सहायता एवं सहयोग प्रदान करने के लिए एक केन्द्र प्रायोजित योजना है। ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर द्वारा हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को परिवाद दर्ज करवाने, मेडिकल मुआयना करवाने, आश्रय दिलवाने, कानूनी सहायता दिलवाने व विधिक ईकाईयों में सहयोग करने जैसे कार्य किये जाते है। ''सखी'' वन स्टॉप सेंटर 247 सेवाएं प्रदान कर रहा है।

सार-समाचार

पुस्तक का विमोचन

कोटा, (निसं)। वीर चक्र विजेता कोटा स्टेशन क्षेत्र निवासी कर्नल कर्नल श्यामवीर सिंह राठौड़ द्वारा रचित एक पुस्तक द सोल्जर पुस्तक का विमोचन एडिशनल एसपी भगवत सिंह हिंगड़ व लांयस क्लब अध्यक्ष राममदनानी ने होटल रैलेंटिनो कोटा जंक्शन पर किया। पुस्तक के लेखक कर्नल श्यामवीर ने बताया कि यह शौर्य रस से परिपूर्ण जीवन गाथा की कथा है। प्रगति पथ...नया इतिहास बनाना....क्यों करते है इस धरा को लाल शीर्षक से मातृभूमि के प्रति अपने प्रेम को काव्य रूप दिया है। पुस्तक में कोटा वूमेन एंटरप्रेन्योर की फांउडर डोली मदनानी ने अपनी सम्पादकीय में पुस्तक का वर्णन कर कर्नल के जीवन के सफर को बताया है। 5 ग्रेनेडियर्स से 20 ग्रेनेडियर्स की गाथा का मर्म व अनुभव पुस्तक में संकलन है। 34 वर्षो से दुश्मनों के दांत खट्टे करने वाले कोटा के कर्नल श्याम सिंह राठौड़ ने वीरता के साथ दुश्मनों के टैंकर उठाये और वीर चक्र प्राप्त हुआ। लांयस क्लब के अध्यक्ष राममदनानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 84 वर्षीय कर्नल श्याम सिंह राठौड़ के साहस का दर्पण है यह पुस्तक। इस अवसर पर लांयस क्लब कोटा के सचिव पवन पारेता, वरिष्ठ संस्थान के अध्यक्ष तेजेंद्र पाल सेठी, विश्व सिंधी सेवा संगम के अध्यक्ष व सचिव अध्यक्ष व सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लांयस क्लब कोटा के पदाधिकारियों ने 10 फौजियों का सम्मान भी कार्यक्रम में किया।

मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

कोटा, (निसं)। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र लाड़पुरा एवं कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बूथों पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, साथ ही मतदाता सूचियों के संबंध में भी जानकारी ली गई। संभागीय आयुक्त ने सिविल लाईन्स क्षेत्र में 6 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इनमें आफिसर्स क्लब में एक, संयुक्त निदेशक कृषि कार्यालय भवन में दो तथा खंडगावड़ी के राजकीय विद्यालय भवन के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, इसी तरह लाडपुरा विधानसभा क्षेत्र के 10 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। यहां राउमावि देवली अरब में 05 बूथ देखे। टूटी खिड़कियों की मरम्मत करवाने के लिए निर्देशित किया गया। राउमावि राजनगर में 2 तथा केरियर पोईट गुरूकुल में 3 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर बीएलओ से मतदाता सूचियों में नाम जोडने, नाम हटाने इत्यादि की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सहायक कलक्टर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सपना कुमारी, गजेन्द्र सिंह नायाब तहसीलदार अनुराग शर्मा उपस्थित रहे।

अर्हं ध्यान योग के द्वितीय सत्र का आयोजन

कोटा, (निसं)। जेसीआई एल्यूमिनी क्लब जोन 5 द्वारा शनिवार को अर्हं योग शिविर का आयोजन किया गया। जेसीआई एल्यूमिनी क्लब चेयरमैन मनीष चांडक ने बताया कि क्लब द्वारा प्रत्येक माह में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न विद्यालयों में यह कार्यक्रम करवाया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान तनाव से मुक्ति मिल सकेद्यइसमें अर्हं अंतरपपा मेघना शर्मा द्वारा योग के बारे में विस्तृत जानकारी देकर बच्चों को पंच मुद्रा और ध्यान करवाया गया। सेशन के दौरान। अर्हं साधक ने अर्चना जैन द्वारा विभिन्न आसन करवाए गए। सदस्य एवं योग शिक्षक अरविंद द्वारा विभिन्न सूक्ष्म क्रियाएँ, प्राणायाम, एवं हास्यासन भी कराया गया। सेक्रेटरी पीयूष खंडेलवाल ने बताया रायपुर स्थित निजी स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़ योग शिविर में हिस्सा लिया। ''मेरा मन दुर्बल न हों'' यह प्रार्थना बच्चों के मन को छू गई।परीक्षा की कठिन घड़ी में भी अपने आप को पंच मुद्रा द्वारा मजबूत और सशक्त कैसे बनाए रखना है।

पंडित विजय मेहता सिखाएंगे परिवार प्रबंधन के गुर

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद कोटा महानगर एवं गीता सत्संग आश्रम समिति के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 2 मार्च शनिवार को शाम 5.30 बजे सरोवर रोड स्थित गीता भवन सभागार में जीवन प्रबंधन गुरु एवं हनुमान कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता का व्याख्यान आत्मा की गीता का आयोजन किया जा रहा है।

भारत विकास परिषद राजस्थान दक्षिण पूर्व प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक ने बताया की पंडित विजय शंकर मेहता परिवार प्रबंधन को केंद्र में रखकर आत्मा की गीता विषय पर अपना व्याख्यान देंगे जिसमें पंडित मेहता अपने व्याख्यान में बताएंगे कि कैसे हम आत्मा पर जिए और परिवार में रिश्ते निभाए, इसी विषय का नाम है आत्मा की गीता, हमारे परिवारों में रिश्ते निभाने के लिए कभी-कभी चुनौती का सामना करना पड़ता है ऋषि मुनियों ने कहा है कि हम मनुष्य तीन बातों से बने हैं शरीर, मन और आत्मा, केवल शरीर पर रहकर रिश्ते निभाएंगे तो तनाव भी

- **दो दिवसीय कोटा प्रवास पर विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे पंडित विजय शंकर मेहता**

होगा, बिखराव भी, शरीर से मन को पार करके यदि हम आत्मा पर पहुंच गए और आत्मा से रिश्ते निभाएंगे तो गृहस्थी बैकुंठ हो जाएगी इसी विषय पर जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजय शंकर मेहता अपना व्याख्यान केंद्रित करेंगे, कार्यक्रम में भारत विकास परिषद कोटा महानगर की सभी शाखाओं के सदस्य, गीता सत्संग आश्रम समिति के सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारीगण, प्रबुद्ध जन एवं आमजन की उपस्थिति रहेगी, कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क एवं सभी के लिए रहेगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग पंडितजी के विचारों को सुनकर अपने जीवन व्यवहार में अमल ला सके कार्यक्रम में गीता सत्संग आश्रम समिति सहयोगी संस्था रहेगी गीता सत्संग आश्रम समिति के अध्यक्ष राजेंद्र खंडेलवाल ने बताया की आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रमुख रूप से भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक, महानगर समन्वयक राजकुमार गुप्ता, सह समन्वयक रवि प्रकाश विजय, सुधीर सक्सेना, अमन जैन, शिवानंद शर्मा, चंद्र प्रकाश नागर, हरिओम विजय, मनोज विजय, प्रदीप टेलर, सिद्धार्थ शर्मा, गोपाल मुंद्डा, गीता सत्संग आश्रम समिति अध्यक्ष राजेंद्र खंडेलवाल, सचिव आरपी विजय, कोषाध्यक्ष जयनारायण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष कुंती मुंद्ड़ा, सह सचिव महेंद्र मित्तल, बांके बिहारी मंदिर समिति के राजेंद्र खंडेलवाल, गिरधर बडेरा, जीओ गीता परिवार के सचिव डॉक्टर वेद प्रकाश गुप्ता, श्रीराम मंदिर प्रबंध समिति के सभापति डॉ.सुधीर उपाध्याय आदि उपस्थित रहे

भक्ति रस में सराबोर हो रहे श्रद्धालु

कोटा, (निसं)। थेगड़ा स्थित शिवपुरीधाम में महाशिवरात्रि महापर्व एवं ब्रह्मलीन राणा रामपुरी महाराज की 36वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा में तीसरे दिन वृंदावन के कथावाचक पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि माता-पिता का सम्मान व गुरूओं के आदर से ही हम जीवन में बेहतर मनुष्य साबित हो सकते हैं। वे शुक्रवार को राजा दक्ष व माता सती की कथा का प्रसंग सुनाकर भगवान शिव की भक्ति का रस श्रद्धालुओं के मन में घोल रहे थे। पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि आजकल घर-घर में पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से घर दूषित हो रहे हैं। इससे बचने के लिए अपने बच्चों को सनातनी संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा दें, मर्यादाओं का पालन करना, बुजुर्गों का सम्मान करना, धर्म के दिखाए मार्ग पर चलने से ही पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को रोका जा सकता है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम जुजर अली से बदलकर नया नाम जुजर अली बन्दुकवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-जुजर अली बन्दुकवाला पुत्र गुलजार हुसैन बन्दुकवाला बोहरा मोहल्ला टिपटा कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम जितेन्द्र सिंह बदलकर नया नाम जितेन्द्र सिंह टाक रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-जितेन्द्र सिंह टाक पुत्र सीताराम 189 गणेश नगर रावतभाटा चित्तौड़गढ़

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम मोहम्मद काशिफ खान से बदलकर नया नाम काशिफ खान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-काशिफ खान पुत्र मोहम्मद सादीक खान 213 टंकी के पास छोटी मस्जिद मोखापाड़ा कोटा

पश्चिम मध्य रेल

कोटा मण्डल

खुली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी, दि. 28.02.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिये अथवा उनकी ओर से **वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.), प.म.रे., कोटा,** निम्न कार्य के लिये खुली मोहरबंद ई-निविदा आमंत्रित करता है। **क्र.सं.: 1. निविदा संख्या:** ईएल/टीआरडी/50/05R1 (2023-24). **कार्य का नामः ओएचई मेन्टीनेन्स ऑफ साइडिंग एण्ड यार्ड इन कोटा डिवीजन फॉर पीरियड ऑफ 02 इयर्स एंड कंडीशन मॉनिटरिंग एंड मेंटेनेंस ऑफ ओएचई इन जूरिस्डिक्शन ऑफ JAPN डिपो (फॉर 02 इयर्स फ्रॉम कि.मी. 8 टू कि.मी. 103) RKM 95 TKM 140. कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 3,01,03,521/-. निविदा बंद होने की दिनांक एवं समयः** दिनांक 01.04.2024 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकेः http://www.ireps.gov.in.** पता – वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.) कोटा, प्रथम तल, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, प.म.रे., कोटा। ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किये जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

आर्य समाज ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

कोटा, (निसं)। आर्य समाज की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्वायत्तता को पूर्ववत बनाए रखने के लिए आर्य समाज द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौपा गया।

इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आर्य समाज के मीडिया प्रभारी अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि शुक्रवार को आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अर्जुन देव चडड्ढा के नेतृत्व में सभा के महामंत्री अरविंद पांडेय, वरिष्ठ मंत्री एडवोकेट चंद्र मोहन कुशवाहा, राजेंद्र आर्य मुनि, कोषाध्यक्ष राधा वल्लभ राठौर, पं भैरूलाल शर्मा, स्वराज वशिष्ठ ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें गुरुकुल कांगड़ी की स्वायत्तता बरकरार रखने के बारे में आर्य समाज की चिन्ता से अवगत कराते हुए ज्ञापन पत्र प्रदान किया साथ ही केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा डॉ. सत्यपाल सिंह को गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का कुलाधिपति बनाने का विश्वस्तरीय विरोध दर्ज कराया गया। शास्त्री ने बताया कि गुरुकुल कांगड़ी डीम्ड विश्वविद्यालय आर्य समाज की एक ऐतिहासिक शैक्षणिक संस्था है जिसकी स्थापना आर्य समाज के महान संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद द्वारा 1902 में की गई। विश्वविद्यालय का अपना एक विस्तृत इतिहास रहा है। शिक्षा के साथ साथ भारत के स्वतंत्रता संग्राम, स्वदेशी आन्दोलन, राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार तथा वैदिक साहित्य को पुनर्स्थापित करने में इस संस्थान का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। संस्था एक मानित विश्वविद्यालय है जो यूजीसी के अधिनियम के अनुरूप चलती है। पूर्व नियमानुसार संस्था की स्वामिनी प्रायोजक संस्था आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, हरियाणा व दिल्ली रही है किंतु यूजीसी द्वारा नए नियमों में संशोधन कर आर्य समाज से इसका स्वामित्व ले लिये जाने का कार्य किया जा रहा है जो की उचित नहीं है। अतरू इस संदर्भ में लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का स्वामित्व यथावत आर्य समाज का बनाए रखने का निवेदन किया गया।

शांति बाई की इच्छा के अनुरूप हुआ नेत्रदान

कोटा, (निसं)। नेत्रदान को लेकर कोटा में काफी जागरुकता देखने को मिल रही है। लोग स्वयं अपने परिजन व परिचितों के देवलोकगमन पर नेत्रदान की इच्छा जाहिर करते हैं और कई परिवार में यह परिपाठी बन गया है। ऐसे में रामपुरा निवासी सरल व सहज स्वभाव की समाजसेवी व सादा जीवन उच्च विचार का भाव मन में रखने वाली शांति बाई का गुरूवार को निधन हो गया और उनकी अंमित इच्छा थी की उनका नेत्रदान हो और उन्हीं की इच्छा के अनुरूप नेत्रदान का सेवा कार्य सम्पन्न कराया गया। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि शांति बाई के पुत्र संजीव का फोन आया और कहा कि माताजी का निधन हो गया है और नेत्रदान करवाना है। उसके बाद शाइन इंडिया फाउंडेशन के संयोजक डॉ. कुलवंत गौड़ से सम्पर्क किया और टेक्निशियन टिंकू ओझा द्वारा कॉर्निया संकलित किए गए। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि उनके चार पुत्र विरेन्द्र, जम्बु कुमार जैन, संजीव व संदीप ने उनकी माताजी की इच्छा के अनुसार ही नेत्रदान करवाया है। उनकी मां की इच्छा थी कि जैसे उनके पति पुष्प कुमार का नेत्रदान वर्ष 2019 में हुआ था वैसे ही उनका भी हो। उन्होंने कहा कि शांति बाई जैन बेहद ही सरल स्वभाव की थी।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति "विशिष्ट श्रेणी" बून्दी (राज0)

क्रमांक :-1497-1523 दिनांक :- 22.02.2024

सूचना

कृषि उपज मण्डी समिति बून्दी के गौण मण्डी यार्ड फल-सब्जी बून्दी मे अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 के प्रावधानानुसार द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरणो में भूखण्ड आवंटन हेतु जारी विज्ञप्ति क्रमांक 915-934 दिनांक 07.09.2021 एवं 259-274 दिनांक 10.06.2022 के कम में प्राप्त आवेदन पत्रो की जांच पश्चात अनुज्ञापत्रधारी व्यापारियों, महिला कृषक वर्ग की अस्थाई सूची दिनांक 22.02.2024 को जारी कर नोटिस बोर्ड कार्यालय, कृषि उपज मण्डी समिति कुवांरती बून्दी एवं गौण मण्डी यार्ड फल सब्जी बून्दी मे चस्पा कर दी गई है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

अस्थाई सूची के सम्बन्ध में दिनांक 15.03.2024 तक आपत्तियां मण्डी समिति कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकेगी। प्राप्त आपत्तियों पर आवंटन समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

राज.संवाद/सी/23/13931 सचिव

'शिविर के संग्रहित रक्त का 20 फीसदी ही ब्लड सेंटर में हो जमा'

बून्दी, (निसं)। बूंदी ब्लड सेंटर में ब्लड की कमी को देखते हुए तथा कोटा जिले से ब्लड कलेक्शन के लिए रक्तदान कैंप आयोजित करवाकर कर रक्त संग्रहित करने वाली संस्थाओं की कार्य प्रणाली के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर विजय, राजकीय सामान्य चिकित्सालय बूंदी ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. ऋषि कछवाहा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. कमलेश शर्मा, सांख्यिकी अधिकारी सत्यवान शर्मा, ब्लड बैंक तकनीकी प्रभारी नारायण सिंह हाडा मौजूद रहे। बूंदी जिले से शिविर आयोजित कर संग्रहित किया जा रहे रक्त का 20 फीसदी ब्लड बूंदी जिले के ब्लड बैंक में ही जमा करवाया जावे तथा जिले में आयोजित होने वाले शिविरों के सम्बन्ध में समुचित सूचना जिले के ब्लड बैंक इंचार्ज को रहे इस हेतु कार्य प्रणाली व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.

ब्लड सेंटर में ब्लड की कमी को लेकर बैठक आयोजित हुई।

ओम प्रकाश सामर ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित करने के संबंध में आधिकारिक प्रचार प्रसार करने के नि